प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

27 दिसंबर 2024

## 2024-25 की दूसरी तिमाही (जुलाई – सितंबर) के दौरान भारत के भुगतान संतुलन की गतिविधियां

दूसरी तिमाही अर्थात् जुलाई- सितंबर 2024-25 के लिए भारत के भुगतान संतुलन (बीओपी) से संबंधित प्रारंभिक आंकड़े, विवरण I और II में प्रस्तुत किए गए हैं।

### 2024-25 की दूसरी तिमाही के दौरान भारत के भुगतान संतुलन की मुख्य बातें

- भारत का चालू खाता घाटा (सीएडी) 2023-24 की दूसरी तिमाही में 11.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर (जीडीपी का 1.3 प्रतिशत) से मामूली रूप से घटकर 2024-25 की दूसरी तिमाही में 11.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर (जीडीपी का 1.2 प्रतिशत) हो गया।[1]

- वाणिज्य वस्तु व्यापार घाटा 2023-24 की दूसरी तिमाही के 64.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2024-25 की दूसरी तिमाही में 75.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया।

- निवल सेवा प्राप्तियां एक वर्ष पहले के 39.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2024-25 की दूसरी तिमाही में 44.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गईं। कंप्यूटर सेवाओं, व्यावसायिक सेवाओं, यात्रा सेवाओं और परिवहन सेवाओं जैसी प्रमुख श्रेणियों में सेवा निर्यात में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर वृद्धि हुई है।

- प्राथमिक आय खाते पर निवल व्यय, जो मुख्य रूप से निवेश आय के भुगतान को दर्शाता है, 2023-24 की दूसरी तिमाही के 11.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर से घटकर 2024-25 की दूसरी तिमाही में 9.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया।

- निजी अंतरण प्राप्तियां, जो मुख्य रूप से विदेशों में कार्यरत भारतीयों द्वारा विप्रेषण को दर्शाती हैं, 2023-24 की दूसरी तिमाही के 28.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2024-25 की दूसरी तिमाही में 31.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गईं।

- वित्तीय खाते में, निवल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बहिर्वाह 2024-25 की दूसरी तिमाही में 2023-24 की इसी अवधि में 0.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया।

- विदेशी पोर्टफोलियो निवेश के अंतर्गत निवल अंतर्वाह 2023-24 की दूसरी तिमाही के 4.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 19.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर रह गया।

- भारत में बाह्य वाणिज्यिक उधार (ईसीबी) के अंतर्गत निवल अंतर्वाह 2024-25 की दूसरी तिमाही में 5.0 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा, जबकि एक वर्ष पहले इसी अवधि में 1.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर का बहिर्वाह हुआ था।

[1] दीर्घावधि शृंखला के आंकड़ों के लिए कृपया देखें: CIMS DBIE (rbi.org.in) › Statistics › External Sector › International Trade › Quarterly/Yearly.

- अनिवासी जमाराशियों (एनआरआई जमाराशियाँ) में 6.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवल अंतर्वाह दर्ज किया गया, जो एक वर्ष पहले के 3.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक है।
- 2024-25 की दूसरी तिमाही में विदेशी मुद्रा आरक्षित निधियों में (बीओपी आधार पर) 18.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हुई, जो 2023-24 की दूसरी तिमाही में 2.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक थी (तालिका 1)।

**अप्रैल-सितंबर 2024 के दौरान भुगतान संतुलन (पहली छमाही:2024-25)**

- भारत का चालू खाता घाटा 2024-25 की पहली छमाही में 21.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर (जीडीपी का 1.2 प्रतिशत) था, जबकि 2023-24 की पहली छमाही में यह 20.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर (जीडीपी का 1.2 प्रतिशत) था।
- शुद्ध अदृश्य प्राप्तियां 2024-25 की पहली छमाही में 119.0 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहीं, जो एक वर्ष पूर्व के 101.0 बिलियन अमेरिकी डॉलर की तुलना में अधिक थीं, जिसका मुख्य कारण उच्च शुद्ध सेवा प्राप्तियां थीं।
- 2024-25 की पहली छमाही में शुद्ध एफ़डीआई अंतर्वाह 4.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा, जो 2023-24 की पहली छमाही में 3.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक था।
- एफपीआई ने 2024-25 की पहली छमाही में 20.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर का शुद्ध अंतर्वाह दर्ज किया, जबकि एक वर्ष पहले यह 20.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर था।
- 2024-25 की पहली छमाही में, विदेशी मुद्रा आरक्षित निधियों (बीओपी आधार पर) में 23.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हुई।

| तालिका 1 : भारत के भुगतान संतुलन की प्रमुख मदें (बिलियन अमेरिकी डॉलर) | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | जुलाई- सितंबर 2023 पीआर | | | जुलाई- सितंबर 2024 पी | | | अप्रैल – सितंबर 2023 पीआर | | | अप्रैल – सितंबर 2024 पी | | |
| | जमा | नामे | निवल | जमा | नामे | निवल | जमा | नामे | निवल | जमा | नामे | निवल |
| क. चालू खाता | 231.7 | 242.9 | -11.3 | 245.7 | 256.8 | -11.2 | 453.3 | 473.5 | -20.2 | 487.3 | 508.7 | -21.4 |
| 1. वस्तु | 108.3 | 172.8 | -64.5 | 104.0 | 179.3 | -75.3 | 213.2 | 334.4 | -121.2 | 215.1 | 355.6 | -140.4 |
| जिसमें से: | | | | | | | | | | | | |
| पीओएल | 22.7 | 42.1 | -19.4 | 15.7 | 37.4 | -21.7 | 41.7 | 84.0 | -42.2 | 36.3 | 88.9 | -52.6 |
| 2. सेवाएं | 83.4 | 43.4 | 39.9 | 93.5 | 48.9 | 44.5 | 163.9 | 88.9 | 75.1 | 182.0 | 97.7 | 84.2 |
| 3. प्राथमिक आय | 11.9 | 23.5 | -11.6 | 16.3 | 25.8 | -9.5 | 20.9 | 42.8 | -21.8 | 28.8 | 49.4 | -20.7 |
| 4. द्वितीयक आय | 28.1 | 3.2 | 24.9 | 31.9 | 2.8 | 29.1 | 55.3 | 7.5 | 47.8 | 61.5 | 5.9 | 55.5 |
| ख. पूंजी लेखा और वित्तीय लेखा | 205.8 | 195.5 | 10.3 | 307.9 | 296.0 | 11.9 | 387.6 | 368.0 | 19.7 | 572.9 | 551.6 | 21.3 |
| जिसमें से: | | | | | | | | | | | | |
| 1. प्रत्यक्ष निवेश | 16.6 | 17.4 | -0.8 | 21.2 | 23.5 | -2.2 | 35.9 | 32.0 | 3.9 | 45.2 | 40.7 | 4.4 |
| 2. पोर्टफोलियो निवेश | 112.0 | 107.0 | 4.9 | 182.1 | 162.3 | 19.9 | 201.8 | 181.1 | 20.7 | 342.0 | 321.2 | 20.8 |
| 3. अन्य निवेश | 71.6 | 61.0 | 10.6 | 98.0 | 79.6 | 18.4 | 139.2 | 114.5 | 24.7 | 173.0 | 144.0 | 29.0 |
| जिसमें से: | | | | | | | | | | | | |
| एनआरआई जमाराशियाँ | 21.3 | 18.0 | 3.2 | 28.9 | 22.8 | 6.2 | 40.2 | 34.7 | 5.4 | 52.3 | 42.2 | 10.2 |
| भारत को ईसीबी | 4.6 | 6.5 | -1.9 | 12.4 | 7.4 | 5.0 | 17.9 | 14.1 | 3.7 | 20.8 | 14.2 | 6.7 |
| 4. आरक्षित आस्तियाँ [वृद्धि (-)/कमी (+)] | 0.0 | 2.5 | -2.5 | 0.0 | 18.6 | -18.6 | 0.0 | 27.0 | -27.0 | 0.0 | 23.8 | -23.8 |
| ग. भूल-चूक (-) (क+ख) | 1.0 | 0.0 | 1.0 | 0.0 | 0.7 | -0.7 | 0.5 | 0.0 | 0.5 | 0.1 | 0.0 | 0.1 |
| पीआर: आंशिक रूप से संशोधित; और पी: प्रारंभिक। | | | | | | | | | | | | |
| नोट : पूर्णांकन के कारण उप घटकों का योग कुल योग से भिन्न हो सकता है। | | | | | | | | | | | | |

**(पुनीत पंचोली)**
मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/1797**